a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

Exam. Code : 216303
Subject Code : 6470

M.A. (Hindi) 3rd Semester

PRACHIN AVEM MADHYAKALIN HINDI KAVYA

Paper—XI

Time Allowed—3 Hours] [Maximum Marks—80

नोट :— यह प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभाजित है। निर्देशानुसार ही उत्तर दें।

भाग—क

नोट :— यह भाग **दो** उपभागों में विभाजित है।

उपभाग—I

निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **चार** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 4×6=24

1. एक नार वह दाँत-दँतीली, पतली-दुबली छैल-छबीली।
जब वा तिरियहिं लागे भूख, सूखे रहे चबावे रूख।
जो बताय वाही बलिहारी, खुसरो कहे बरे को आरी।

2. ऐन-मैन है सीप की सूरत, आँखे देखीं कहती हैं।
अन खावे ना पानी पीवे देखे से वह जीती है।।
दौड़-दौड़ जमीं पर दौड़े, आसमान पर उड़ती है।
एक तमाशा हमने देखा हाथ-पाँव नहीं रखती है।।

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
ad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab

a2zpapers.com

3. माया महा ठगिनी हम जानी।
तिरगुन फाँसि लिए कर डोलै, बोले माधुरी बानी।
केशव के कमला होई बैठी, सिव के भवन भवानी।
पंडा के मूरत होय बैठी, तीरथ हू में पानी।।

4. हाड़ जलैं ज्यूं लाकड़ी, केस जलैं ज्यूं घास।
सब तन जलता देखि करि, भया कबीर उदास।।
मनिषा जनम दुर्लभ है, देह न बारंबार।
तरवर थैं फल झड़ि पड़या, बहुरि न लागै डार।।

5. नागमती कारन कै रोई, का सौवे जौं कन्त बिछोई।
मन चितु हुतें न बिसरैं मोरें। नैन कजल चखु रहै न मोरें।
कहिसि जाति हौं सिंघल दीपा। तेहि सेवाति कहँ नैना सीपा।
जोगी होइ निसरा सो नाहू। तब हुत कहा सँदेस न काहू।
निति पूछौं सब जोगी जंगम। कोई निजु बात न कहै बिहंगम।
चरिउ चक्र उजारि भे सकसि सँदेसा टेकु।
कहौं बिरह दुख आपन बैठि डडँ एकु।।

6. पूस जाड़ थरथर तन काँपा। सुरूज जड़ाइ लंक दिस तम्पा।
बिरह बाढ़ि भा दारून सीऊ। कंपि कंपि मरौं लेहि हरि जीऊ।
कंत कहाँ, हौं लागौ हियरें। पंथ अपार सूझ नहि नियरे।
सौर सुपेती आवै जूड़ी। जानहुँ सेज हिवंचल बूड़ी।
चकई निसि बिहुरै दिन मिला। हौं निसि बासर विरह कोकिला।

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
ad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab
www.a2zpapers.com

a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

उपभाग—II

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दें। 4×6=24

1. रविदास के कृतित्व पर प्रकाश डालें।
2. रविदास की सामाजिक चेतना को स्पष्ट करें।
3. रविदास की वाणी का वैशिष्ट्य स्पष्ट करें।
4. गोरखनाथ की वाणी के मूल प्रतिपाद्य पर चर्चा करें।
5. नाथ सम्प्रदाय में गोरखनाथ का योगदान रेखांकित करें।
6. गोरखनाथ के जीवनवृत्त का उल्लेख करें।

भाग-ख

नोट :-निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** का उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **16** अंक का है :— 16×2=32

1. अमीर खुसरों के काव्य की विशेषताएं बतायें।
2. कबीर का सामाजिक दृष्टिकोण स्पष्ट करें।
3. पद्मावत के काव्य सौष्ठव पर प्रकाश डालें।

www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
oad free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab